## दिनांक 20-04-2026 को जल जीवन मिशन के कार्यों की जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

दिनांक 20-04-**2026** को जल जीवन मिशन फेज-2 व फेज-5 से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में की गई। जिसमें निम्न अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे-

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, संतकबीरनगर।
2. श्री महेन्द्र राम, अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
3. श्री अभिषेक पाण्डेय/श्री जे0एन0 यादव, सहायक अभियन्ता एवं श्री मनोज पाल, श्री प्रिन्स पाण्डेय, जू0इं उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), संतकबीरनगर।
4. श्री जगन, **DPM** मेघा इंजी0 एण्ड इंन्फ्रा0लि0, संतकबीरनगर।
5. श्री लालचन्द्र, **PM,** एवं श्री आशीष कुमार **DPM** जैक्शन विश्वराज (जे0वी0), संतकबीरनगर।
6. श्री रोहित कुमार, **DPM** जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन, संतकबीरनगर।
7. श्री बृजेश कुमार, **DPM** टी0पी0आई, संतकबीरनगर।
8. श्री ओ0पी0 तिवारी, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

जल जीवन मिशन के कार्यों हेतु तैनात कार्यदायी फर्मों की समीक्षा निम्नानुसार किया गया।

### 1. कार्यदायी फर्म (मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०, हैदराबाद)

- ❖ जनपद में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर लि, हैदराबाद को फेज-2 के अन्तर्गत कुल 449 राजस्व ग्रामों का कार्य आवंटित किया गया, जिसको सम्मलित करते हुए 171 योजनाओं के माध्यम से संतृप्त किया जाना है। जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 171 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया है एवं कुल 171 नग योजनाओं के सापेक्ष मात्र 179 नग नलकूप निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- ❖ फेज-2 के कार्यो की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म मेघा इंजीनियरिंग के DPM द्वारा पम्प हाऊस 179 के सापेक्ष 177 पूर्ण कर लिया गया है तथा 02 परियोजनाओं **1. वि०ख०- पौली ग्राम पंचायत- अजवा खास 2. वि०ख०- मेंहदावल, ग्राम पंचायत- दुर्गजोत** में क्रमशः भूमि विवाद एवं एप्रोच रोड न मिल पाने के कारण पम्प हाऊस का कार्य बाधित है एवं क्लोरिनेशन सिस्टम 161 के सापेक्ष 134 पर कार्य कर रहा है, शेष पर शीघ्र क्लोरिनेशन सिस्टम लगान हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा लगाने हेतु निर्देशित किया गया। ओवरहेड टैंक 171 के सापेक्ष 82 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया, शेष ओवरहेड पर टैंक का कार्य प्रगति पर है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने हेतु DPM द्वारा अवगत कराया गया। पाइपलाइन का कार्य 2106 किमी0 के सापेक्ष 1401 किमी0 पूर्ण कर लिया गया, शेष पाइपलाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। फर्म के DPM द्वारा अवगत कराया गया कि 443 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 385 राजस्व ग्रामों में शिरोपरि जलाशय एवं डारेक्ट पम्पिंग के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।
- ❖ फर्म के DPM द्वारा बताया गया कि 46 नग पेयजल योजनाएं O&M में ली जा चुकी है तथा 35 नग योजनाएं Trial and Run मे ली गई है, जिसमें से 15 नग पेयजल योजनाएं 15 दिन में O&M में ले जाने के लिए कहा गया है।
- ❖ जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रीष्ण ऋतु को देखते हुये जिन योजनाओं पर ग्रामवासियों को जलापूर्ति दी जा रही है, उन्हें निरन्तर पानी की सप्लाई दी जाये तथा जिन योजनाओं पर 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें भी अतिशीघ्र पूर्ण करते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कराये।

❖ जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइप लेइंग के दौरान क्षतिग्रस्त रोड को गुणवत्ता पूर्वक समस्त रोडों को ठीक कराने हेतु कड़े निर्देश दिये गये तथा अन्य विभागों द्वारा रोड चौड़ीकरण में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के मरम्मत हेतु पत्राचार करने के निर्देश दिये।

❖ भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण को संबंधित उपजिलाधिकरी से समन्वय स्थापित करते हुये डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को 01 सप्ताह में निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), TPI, प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 मेघा, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)**

2. **<u>कार्यदायी फर्म (जैक्सन- विश्वराज (जे०वी०), नई दिल्ली)</u>**

❖ जल जीवन मिशन फेज-5 के अन्तर्गत चयनित फर्म जैक्शन-विश्वराज (ज्वाइंट वेन्चर), नई दिल्ली को कुल 807 राजस्व ग्राम आवंटित है, जिसके सापेक्ष 807 राजस्व ग्रामों को सम्मिलत करते हुए 290 योजनाओं के माध्यम से संतृप्त किया जाना है।

❖ **<u>जैक्शन फेज-5</u>** के कार्यों की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म जैक्शन (जे0वी0) के PM द्वारा अवगत कराया गया कि 115 नग ट्यूबेल के सापेक्ष 113 नग ट्यूबेल का कार्य पूर्ण किया गया है, शेष **1. वि0ख0- बेलहर कला में लौहरौली ठकुराई एवं 2. वि0ख0- बघौली में ग्राम पंचायत- छराछ** में ट्यूबेल हेतु भूमि उपलब्ध नही हो पायी है तथा **विकास खण्ड- में मेंहदावल के ग्राम पंचायत- औरही** में ट्यूबेल की बोरिंग का कार्य पूर्ण किया गया था उक्त स्थल से NH की सीमा पर आ जाने के कारण अन्य भूमि की आवश्यकता है। जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपजिलाधिकरी से समन्वय स्थापित करते हुये डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को 01 सप्ताह में निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। पम्प हाऊस 115 के सापेक्ष 110 पूर्ण कर लिया गया है तथा 02 पम्प हाउस पर शीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु PM द्वारा अवगत कराया गया। ओवरहेड टैंक 115 के सापेक्ष 26 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया, शेष ओवरहेड पर टैंक का कार्य प्रगति पर है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने हेतु PM द्वारा अवगत कराया गया। गृह संयोजन का कार्य 40985 नग के सापेक्ष 33754 नग पूर्ण है पाइपलाइन का कार्य 1007 किमी0 के सापेक्ष 762 किमी0 पूर्ण कर लिया गया, शेष गृह संयोजन एवं शेष पाइपलाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया। फर्म के PM द्वारा अवगत कराया गया कि 316 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 163 राजस्व ग्रामों में शिरोपरि जलाशय एवं डारेक्ट पम्पिंग के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

❖ फर्म के PM द्वारा बताया गया कि 08 नग पेयजल योजनाएं O&M में ली जा चुकी है तथा 25 नग योजनाएं Trial and Run मे ली गई है, जिसमें से 04 नग पेयजल योजनाएं 15 दिन में O&M में ले जाने के लिए तथा शेष माह मई 2026 के लास्ट सप्ताह तक O&M में ले जाने के लिए कहा गया है।

❖ जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रीष्ण ऋतु को देखते हुये जिन योजनाओं पर ग्रामवासियों को जलापूर्ति दी जा रही है, उन्हें निरन्तर पानी की सप्लाई दी जाये तथा जिन योजनाओं पर 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें भी अतिशीघ्र पूर्ण करते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कराये।

❖ जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइप लेइंग के दौरान क्षतिग्रस्त रोड को गुणवत्ता पूर्वक समस्त रोडों को ठीक कराने हेतु कड़े निर्देश दिये गये तथा अन्य विभागों द्वारा रोड चौड़ीकरण में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के मरम्मत हेतु पत्राचार करने के निर्देश दिये।

❖ भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण को संबंधित उपजिलाधिकरी से समन्वय स्थापित करते हुये डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को 01 सप्ताह में निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), TPI, DPM मे0 जैक्शन, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)**

3. <u>कार्यदायी फर्म (विश्वराज (जे०वी०), नई दिल्ली)</u>

❖ **विश्वराज फेज-5** के कार्यों की कम्पोनेंटवार प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म विश्वराज (जे0वी0) के DPM द्वारा अवगत कराया गया कि 197 नग ट्यूबेल के सापेक्ष 193 नग ट्यूबेल का कार्य पूर्ण किया गया है, शेष **1. वि0ख0- सेमरियावां में ग्राम पंचायत- पिपराहंकार** में 02 ट्यूबेल हेतु भूमि की आवश्यकता है **2. वि0ख0- हैंसर बाजार में ग्राम पंचायत- आगापुर गुलहरिया एवं इनायतपुर** में ट्यूबेल हेतु भूमि उपलब्ध नही हो पायी है तथा पम्प हाऊस 197 के सापेक्ष 189 पूर्ण कर लिया गया है तथा तथा **विकास खण्ड- खलीलाबाद में शिवापार, सियरा सांथा** पर एप्रोच रोड की समस्या होने के कारण कार्य बाधित है, शेष 02 स्थलों पर पम्प हाउस का कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु फर्म के DPM द्वारा कहा गया, जिस पर भूमि संबंधी प्रकरण को जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपजिलाधिकरी से समन्वय स्थापित करते हुये डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को 01 सप्ताह में निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। ओवरहेड टैंक 175 के सापेक्ष 62 ओवरहेड टैंक का कार्य पूर्ण कर लिया गया, शेष ओवरहेड पर टैंक का कार्य प्रगति पर है। जिसे शीघ्र पूर्ण करने हेतु DPM द्वारा अवगत कराया गया। गृह संयोजन का कार्य 72697 नग के सापेक्ष 69089 नग पूर्ण है पाइपलाइन का कार्य 1115 किमी0 के सापेक्ष 1107 किमी0 पूर्ण कर लिया गया, शेष गृह संयोजन एवं शेष पाइपलाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया। फर्म के DPM द्वारा अवगत कराया गया कि 492 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 254 राजस्व ग्रामों में शिरोपरि जलाशय एवं डारेक्ट पम्पिंग के माध्यम से नियमित जलापूर्ति की जा रही है।

❖ फर्म के DPM द्वारा बताया गया कि 30 नग पेयजल योजनाएं O&M में ली जा चुकी है तथा 32 नग योजनाएं Trial and Run मे ली गई है, माह मई 2026 के लास्ट सप्ताह तक O&M में ले जाने के लिए कहा गया है।

❖ जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्रीष्ण ऋतु को देखते हुये जिन योजनाओं पर ग्रामवासियों को जलापूर्ति दी जा रही है, उन्हें निरन्तर पानी की सप्लाई दी जाये तथा जिन योजनाओं पर 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो गया है उन्हें भी अतिशीघ्र पूर्ण करते हुये जलापूर्ति प्रारम्भ कराये।

❖ जिलाधिकारी महोदय द्वारा पाइप लेइंग के दौरान क्षतिग्रस्त रोड को गुणवत्ता पूर्वक समस्त रोडों को ठीक कराने हेतु कड़े निर्दश दिये गये तथा अन्य विभागों द्वारा रोड चौड़ीकरण में क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के मरम्मत हेतु पत्राचार करने के निर्देश दिये।

❖ भूमि विवाद से संबंधित प्रकरण को संबंधित उपजिलाधिकरी से समन्वय स्थापित करते हुये डी0सी0 डी0पी0एम0यू0 को 01 सप्ताह में निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

❖ फर्म के DPM द्वारा अवगत कराया गया कि 53 योजनाओं पर सोलर पैनल, बैटरी, स्लूस वाल्व आदि चोरी हुई है, जिससे जलापूर्ति बाधित है। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा पत्राचार के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही हेतु सूचना मांगी गई है।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), TPI, DPM मे0 विश्वराज, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)**

4. <u>कार्यदायी फर्म (जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि०, गुजरात)</u>

❖ जल निगम की Old Scheme /Other than JJM की प्रगति समीक्षा में कार्यदायी फर्म जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि० के DPM द्वारा अवगत कराया गया कि 07 योजनाएं जिसमें 15 राजस्व ग्राम सम्मिलित है, पूर्ण रुप से क्रियाशील है तथा 63 पेयजल योजनाएं जिसमें 141 राजस्व ग्राम सम्मिलित है, आंशिक रुप से क्रियाशील है तथा 15

पेयजल योजनाएं जिसमें 26 राजस्व ग्राम सम्मिलित है अक्रियाशील है तथा 28 पेयजल योजनाएं जिसमें 64 राजस्व ग्राम सम्मिलित है। जिनका कार्य जल निगम के फर्मो / ठेकेदारों द्वारा कराया जा रहा है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्मो का भुगतान समय-समय पर न प्राप्त होने के कारण कार्य की प्रगति धीमी है।

❖ अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि Old Scheme /Other than JJM में सम्मिलित सभी परियोजनाओं को पूर्ण रुप से क्रियाशील करने हेतु DPR मुख्यालय प्रेषित किया जा चुका है, स्वीकृति उपरान्त योजनाओं को पूर्ण रुप से संचालित कराने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता को शेष योजनाओं को पूर्ण कराने हेतु धन की मांग हेतु शासन को पत्राचार करने के निर्देश दिये गये तथा पेयजल से संबंधित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक अतिशीघ्र कराने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही- अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), DPM मे0 जयन्ती, डी0सी0 डी0पी0एम0यू0)**

(जयकेश त्रिपाठी)
मुख्य विकास अधिकारी
संत कबीर नगर

**कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, संतकबीरनगर।**

पत्रांक- 307 / W-02/04 दिनांक- 21/04/2026

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. जिलाधिकारी, संत कबीर नगर को सादर अवलोकनार्थ।
2. अधिशासी अभियंता, उ० प्र० जल निगम(ग्रामीण), संतकबीरनगर।
3. पी०एम०, मेघा इंजी० एण्ड इंफ्रा० लि०।
4. पी०एम०, जैक्सन-विश्वराज (जे०वी०)।
5. जयन्ती सुपर कन्स्ट्रक्शन प्रा०लि०।
6. डी०सी०, डी०पी०एम०यू०, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।
7. डी०पी०एम०, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन एजेंसी, जल जीवन मिशन, संतकबीरनगर।

मुख्य विकास अधिकारी
संतकबीरनगर
23/4/2026